www.livehindustan.com

हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

सोमवार
1 अप्रैल 2024, *गाजियाबाद, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 78, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 4.00, एचटी एज के साथ ₹ 5.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 9.50 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

गडकरी बोले, दक्षिण भारत भाजपा का 370 का लक्ष्य हासिल करने में मदद करेगा
P-09

उत्साह | गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से 74 यात्री शाम के विमान में नांदेड़ के लिए सवार हुए, 63 यात्री दोपहर में जालंधर के लिए हिंडन से विमान में सवार हुए

हिंडन से जालंधर और नांदेड़ की उड़ान शुरू, पहले दिन सीटें फुल

ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन से जालंधर के आदमपुर एयरपोर्ट और नांदेड़ (महाराष्ट्र) की उड़ान रविवार से शुरू हो गई। पहले दिन दोनों उड़ान के लिए विमान की सभी सीटें फुल रहीं। नांदेड़ के साथ इस उड़ान से बेंगलुरु भी जाना आसान होगा। पहले दिन यात्रियों ने काफी उत्साह दिखा। यहां 127 यात्री पहले दिन उतरे और 137 यात्रियों ने जालंधर के आदमपुर और नांदेड़ (महाराष्ट्र) के लिए उड़ान भरी।

हिंडन से किशनगढ़ की उड़ान 16 फरवरी को शुरू हुई थी। किशनगढ़ के बाद अब जालंधर से हिंडन होते हुए नांदेड़ और बेंगलुरु की उड़ान सेवा भी स्टार एयरलाइंस ने शुरू कर दी है। यह सेवा रोजाना मिलेगी। स्टार एयरलाइंस के प्रबंधक संदीप सुरेश ने बताया कि नांदेड़ से हिंडन एयरपोर्ट पर 73 यात्री उतरे और 74 यात्री शाम के विमान में नांदेड़ के लिए हिंडन से सवार हुए। इसी तरह दोपहर में जालंधर के लिए हिंडन से 63 यात्री सवार हुए और जालंधर से आए विमान से हिंडन पर 54 यात्री उतरे। 76 सीट वाले विमान की 12 सीट बिजनेस क्लास हैं। उड़ान के प्रति गाजियाबाद के लोगों ने सबसे ज्यादा उत्साह दिखाया है। इसे लेकर कंपनी और एयरपोर्ट अथॉरिटी दोनों के अधिकारी खुश दिखे। जल्द ही अयोध्या और लखनऊ के लिए भी यहां से उड़ान शुरू होंगी।

एयरपोर्ट अथॉरिटी के मुताबिक परिचालन कारणों से नांदेड़ की फ्लाई 48 मिनट की देरी से सुबह 11: 48 बजे हिंडन पर आई। जालंधर के लिए उड़ान भरने में भी देरी हुई और सुबह 11:25 बजे के बजाय दोपहर 1:10 बजे जालंधर के लिए विमान रवाना हुआ। जालंधर से आने वाला विमान दोपहर 1:50 बजे के बजाय 3:58 बजे हिंडन पहुंचा।

जालंधर जाने वाले यात्रियों से रविवार को बातचीत करतीं हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी की निदेशक सरस्वती वेंकटरमण। • हिन्दुस्तान

विमान में सफर के लिए टिकट दर तय

हिंडन से जालंधर के लिए इकॉनोमी क्लास का टिकट 1,500 रुपये से शुरू होगी और बिजनेस क्लास का सफर 5,555 रुपये से शुरू होगा। हिंडन से नांदेड़ के लिए इकॉनोमी क्लास का टिकट 5,600 रुपये और बिजनेस क्लास का टिकट 8,888 रुपये से शुरू होगा। वहीं, हिंडन से बेंगलुरु के लिए इकॉनोमी क्लास का टिकट 8,600 रुपये और बिजनेस क्लास का टिकट पौने 18 हजार रुपये से शुरू होगा। डेढ़ माह में गाजियाबाद का हिंडन एयरपोर्ट तीन शहरों से सीधे तौर पर जुड़ा है। नांदेड़ वाली उड़ान से बेंगलुरु की कनेक्टिविटी भी हो गई है। अब जल्द कई अन्य शहर भी जुड़ेंगे। सबसे पहले लखनऊ और अयोध्या के लिए उड़ान शुरू करने की तैयारी है। गुजरात के मुंद्रा की उड़ान के लिए भी एयरलाइंस कंपनियां एयरपोर्ट का निरीक्षण कर चुकी हैं। जल्द ही उड़ान शुरू हो सकती है।

> जालंधर और नांदेड़ की उड़ान शुरू हो गई है। पहले दिन सभी विमान फुल रहे। आने वाले दिनों में लखनऊ समेत अन्य शहरों के लिए भी उड़ान शुरू होगी।
>
> **–सरस्वती वेंकटरमण,** निदेशक, हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी